54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.0°c अधिकतम 32.9 °c

|| अमृतवाणी ||
जब भी हम ऐसा कुछ करते हैं जो हमारी इच्छा या आत्मा से जुड़ा हुआ नहीं होता है– वह कष्ट का कारण बनता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

प्रदेश में लगातार हत्याएं हो रही है और फर्जी एनकाउंटर के नाम पर लोगों को गोली मारी जा रही है : रामगोपाल यादव



सूर्योदय - 5:56, सूर्यास्त - 6:41 | वर्ष : 54/ अंक : 241 | मंगलवार, 01 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4 | दृष्टिकोण...... दृश्य की वास्तविकता को बदल देता है.......

# तड़के हुई मुठभेड़, अंकित बालियान के हत्यारोपी शूटर सुमित व मोहित हुए ढेर, पिता बोले-अभी इंसाफ अधूरा

## रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी, कैबिनेट मंत्री अनिल के साथ पहुंचे पिता की हिम्मत बंधाने, बोले-जल्द होगा इंसाफ पूरा

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** सोमवार को दिन निकलते ही एक बार फिर पूरे उत्तर प्रदेश में अंकित बालियान हत्याकांड की गूंज होती दिखाई दी, क्योंकि दिन निकलते से पहले ही तड़के 5 बजे पुलिस ने शामली-कैराना रोड पर मुठभेड़ में हरियाणवी सिंगर एवं यू ट्यूबर अंकित बालियान के दो हत्यारोपियों सुमित व मोहित को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। दोनों की पहचान मोहित पुत्र स्व. महेश निवासी सोनीपत तथा सुमित पुत्र धर्मपाल निवासी सोनीपत के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक उक्त मामले में शामली पुलिस और एसटीएफ को बड़ी सफलता हासिल हुई। मुठभेड़ के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय शामली लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में स्वॉट टीम के हेड कांस्टेबल हरिद्वार व हेड कांस्टेबल प्रदीप भी गोली लगने से घायल हो गए, जिनका उपचार चल रहा है। जैसे ही मुठभेड़ में ढेर हुए दोनों हत्यारोपियों की सूचना प्रदेश में फैली तो एक बार के लिए फिर से सनसनी फैल गई और मीडिया का तांता लग गया। सबसे पहले मीडिया ने सिंगर अंकित बालियान के पिता सतवीर सिंह से बात की। जब मीडिया ने उनसे सवाल किया परिवार की मंशा के अनुरूप योगी सरकार ने दो आरोपियों को ढेर कर दिया है, इस पर आपका क्या कहना है तो पिता सतबीर बोले कि मुझे योगी सरकार से इंसाफ की पूरी उम्मीद हे, मगर अभी यह इंसाफ आधा है। पूरा इंसाफ तब मिल पाएगा जब सारे आरोपियों को चुन-चुनकर मारा जाएगा। इसके बाद रालोद मुखिया जयंत चौधरी, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को लेकर परिवार के बीच पहुंचे और उन्होंने पिता सतबीर को धैर्यवान बताते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि जल्द ही उन्हें पूरा न्याय मिलेगा, क्योंकि पुलिस हमेशा अपनी गति के अनुसार सही कार्य करते हुए सही समय पर अपने मुकाम तक पहुंचती है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही सारे आरोपी ढेर कर दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि कल वे











मुख्यमंत्री के समक्ष थे, उन्होंने मुख्यमंत्री से इस पर गंभीरता से चर्चा की और मुख्यमंत्री स्वयं भी इस मामले में पूरी तरह तत्पर दिखे। उसी का परिणाम है कि सोमवार को दिन निकलते ही दो आरोपियों को ढिकाने सिर लगा दिया गया। मीडिया ने जयंत चौधरी से दाएं-बाएं के काफी सवाल पूछे मगर उन्होंने साफ किया इस समय कोई सवाल करने का माहौल नहीं है।

एन्काउंटर करने वाली टीम में अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था तथा अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन के निर्देश पर शामली पुलिस के सहयोग से एसटीएफ मेरठ, गाजियाबाद नगर तथा मेरठ जोन के विभिन्न जनपदों के 11 तेज तर्रार पुलिस अधिकारियों की विशेष टीम गठित की गयी इस टीम में 4 पुलिस अधीक्षक व 7 पुलिस उपाधीक्षक शामिल थे, जिनमें 4 आईपीएस अधिकारी भी मौजूद रहे।

हरियाणवी सिंगर एवं यू-ट्यूबर अंकित बालियान हत्याकांड में शामली पुलिस और एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, हत्याकांड में शामिल दो कथित शूटर सोमवार तड़के शामली-कैराना रोड पर हुई मुठभेड़ में मारे गए। दोनों को घायल अवस्था में जिला संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान स्वॉट टीम के हेड कांस्टेबल हरिद्वार और हेड कांस्टेबल प्रदीप भी गोली लगने से घायल हुए हैं।
मृतकों की पहचान मोहित पुत्र स्व. महेश, निवासी बड़ौआ खुर्द, थाना सदर सोनीपत तथा सुमित पुत्र धर्मपाल, निवासी कुंडली, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से पिस्टल, कारतूस, बाइक, मोबाइल फोन, बैग और नकदी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक 26 अगस्त की शाम करीब 6:45 बजे अंकित बालियान अपने साथी के साथ बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा स्थित नालापट्टी फिटनेस जिम से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान चार हथियारबंद बदमाशों ने उन पर गोलीबारी कर दी थी। हमले में अंकित की मौत हो गई थी। घटना के संबंध में उनके पिता सतवीर सिंह की तहरीर पर शामली कोतवाली में चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्याकांड के बाद पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए एसटीएफ मेरठ समेत विभिन्न जनपदों की पुलिस अधिकारियों की विशेष टीम गठित की। पुलिस के अनुसार 26-27 अगस्त की रात सोशल मीडिया पर राहुल उर्फ मोनू शाहपुरिया से जुड़े इंस्टाग्राम अकाउंट से हत्या की जिम्मेदारी लेने संबंधी पोस्ट सामने आई थी। इसे जांच में अहम सुराग माना गया। इसके बाद पुलिस टीमों ने ह्यूमन इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल गतिविधियों और संदिग्धों की आवाजाही की पड़ताल के बाद पुलिस ने मोहित और सुमित की पहचान कथित शूटरों के रूप में की।

### योगी जी ने अंकित को अपना बच्चा समझकर दिलाया न्याय पूरा गैंग होना चाहिए ढ़ेर



**मुजफ्फरनगर।** अंकित बालियान हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई के बाद अंकित की पत्नी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए पूरे गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अंकित को अपना बच्चा समझकर मामले पर नजर रखी और न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई कराई। उन्होंने कहा, 'योगी जी, माननीय मुख्यमंत्री जी, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आपने दिखा दिया है कि आप इस प्रदेश के कर्ता-धर्ता हैं। आपके हाथों में लॉ एंड ऑर्डर है। जिस तरह से आपकी इस केस पर सटीक नजर थी, आपने अंकित जी को अपना बच्चा समझकर इस केस पर काम किया है।' अंकित की पत्नी ने मुख्यमंत्री से भावुक अपील करते हुए कहा, 'मैं हाथ जोड़कर आपसे गुजारिश करती हूं कि सर, इस गिरोह को बिल्कुल नष्ट कर दें। आज हमारे साथ ऐसा हुआ है, कल किसी का पति चला जाए। हमारा तो उजड़ ही चुका है।'



### फरार होने के दौरान मुठभेड़

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद आरोपी अलग-अलग दिशाओं में फरार हो गए थे। तलाश के दौरान सोमवार को शामली-कैराना रोड पर पुलिस टीम का आरोपियों से सामना हुआ। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। मुठभेड़ में मोहित और सुमित घायल हो गए। अस्पताल में दोनों की मौत हो गई।

### गैंगवार के एंगल की भी जांच

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अंकित हत्याकांड में पुराने गैंगवार और आपराधिक नेटवर्क से जुड़े पहलुओं को भी जांच का हिस्सा मान रही है। जांच में 2021 में रोहिणी कोर्ट में जितेंद्र मान उर्फ गोगी की हत्या और 2023 में तिहाड़ जेल में टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के घटनाक्रम को भी खंगाला जा रहा है।

### अंकित को मिली थी धमकी, परिजनों को नहीं दी थी जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस के अनुसार अंकित द्वारा एक गीत में गोगी की हत्या से जुड़े घटनाक्रम का कथित रूप से अभिनय किए जाने के बाद विवाद सामने आया था। इसके बाद उन्हें धमकी मिलने की बात भी जांच में सामने आई है। हालांकि अंकित ने कथित धमकी की जानकारी अपने परिजनों अथवा पुलिस को नहीं दी थी।

### हथियार और अन्य सामान बरामद

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ के बाद आरोपियों से दो पिस्टल, 30 बोर के 10 जिंदा व 9 खोखा कारतूस, एक अन्य पिस्टल के 16 जिंदा व छह खोखा कारतूस, स्प्लेंडर बाइक, बैग, मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मोहित के खिलाफ हरियाणा में करीब 14 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सुमित के खिलाफ एक अभियोग की जानकारी मिली है। दोनों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

### पुलिस महानिदेशक ने पुलिस टीम को दो लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस टीम की सराहना करते हुए दो लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं और साजिशों के खिलाफ प्रदेश पुलिस की कठोर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा अपराधियों को किसी भी कीमत पर कानून से बचने नहीं दिया जाएगा। अंकित बालियान हत्याकांड में दो कथित शूटरों के मारे जाने के बाद पुलिस अब फरार अन्य आरोपियों और पूरी साजिश का खुलासा करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले प्रत्येक तथ्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विक्रम सैनी बोले - जिन्हें जीते जी जिलाध्यक्ष नहीं बनने दिया गया, आज दिवंगत बिजेन्द्र पाल जी को लिस्ट में प्रवासी का पद देकर किया जा रहा उनका अपमान

**▶▶विक्रम सैनी बोले - 2027 में पार्टी को ठिकाने लगाने की तैयारी, बोले - पैसा कमाने की होड़ में मण्डल अध्यक्ष तक के पद बेच दिये गए ▶▶कार्यकर्ता की आत्मा मर चुकी है, सिर्फ शरीर ही करेगा काम**

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** सत्ताधारी पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में यदि ऐसे उपहास बनने वाले कृत्य होंगे तो शायद पूर्व विधायक विक्रम सैनी जैसे विधायकों की बात सच होती दिखाई देगी। आज सुबह एक सूची भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश, 7 विधानसभा मार्ग, लखनऊ की जारी की हुई सामने आई, जिसमें खतौली विधानसभा व तिसंग मण्डल पर दिवंगत सभासद बिजेन्द्र पाल को प्रवासी के पद पर नियुक्त किया गया। उक्त सूची मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित होते ही पार्टी जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी उपहास का पात्र बने और कार्यकर्ताओं व पूर्व विधायकों में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं होती दिखाई दी। मुखर होकर सच बोलने वाले पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने कहा कि सुधीर सैनी के नेतृत्व में एक पूरा गुट पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसका यकीन शायद अभी आए या न आए मगर 2027 के चुनाव परिणाम सामने आते ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने साफतौर पर बताया कि 2027 में यही गुट भाजपा को हराने का काम करेगा। उन्होंने खुलकर बताया कि जिस जिलाध्यक्ष का पैसा कमाना ही उद्देश्य रह गया हो, वह कभी पार्टी हित में काम नहीं कर सकता। उन्होंने खुलकर कहा कि मण्डल अध्यक्षों तक के पद पैसे लेकर बेच दिये गए हैं। अब कार्यकर्ताओं की इस जिले में कोई आवश्यकता नहीं रह गयी और 2027 में वे खुद दिखा देंगें कि सच्चा कार्यकर्ता अपनी आत्मा को घर छोड़कर शरीर से बाजार में घूमेगा, क्योंकि मुजफ्फरनगर में कार्यकर्ताओं की आत्मा को जिंदा ही दफन किया जा चुका है। विक्रम सैनी ने कहा कि जिन जिलाध्यक्ष को यह ही नहीं पता कि हमारे दमदार सभासद व पार्टी में उपाध्यक्ष के पद पर रहे बिजेन्द्र पाल जी दिवंगत हो चुके हैं और आज उन्हें यह पद देकर हंसी का पात्र बनवाया जा रहा है, इससे दुखद बाद कोई और हो ही नहीं सकती। उन्होंने खुलकर यह भी बताया कि बिजेन्द्र पाल जी जिलाध्यक्ष बनना चाहते थे, मगर षड्यंत्रकारी लोगों ने अंत समय पर उन्हें धोखा दिया और उन्हें जीते जी जिलाध्यक्ष तो बनने नहीं दिया अब उनके परिवार का मजाक उड़ाने के लिए ऐसी सूची जारी करा दी। उनका कहना था कि क्या सूची जारी होने से पहले जिलाध्यक्ष को सूची की जांच करने का समय नहीं था। शायद वे यहां भी पैसा कमाने में व्यस्त होंगे और सूची चेक नहीं कर पाए होंगे। फिलहाल उक्त सूची जारी होने के बाद पार्टी जिलाध्यक्ष की जग हंसाई ही हो रही है और लोग यह कहते देखे जा रहे हैं कि ऐसे जिलाध्यक्ष सचमुच में नमन करने योग्य हैं।



### डंपर से टकराई बाइक, फैक्ट्रीकर्मी की मौत

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में नवीन मंडी रोड पर रविवार देर रात सड़क किनारे खड़े नगर पालिका के कूड़ा उठाने वाले डंपर से बाइक टकराने पर एक युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छा गया। सोमवार को शुकतीर्थ स्थित श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। शांतिनगर निवासी सुभाष शर्मा शुकतीर्थ स्थित हनुमत धाम में कार चालक हैं। उनका पुत्र सौरभ शर्मा हाईवे स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत था। रविवार रात ड्यूटी समाप्त करने के बाद सौरभ बाइक से अपने घर लौट रहा था। नवीन मंडी रोड पर विश्वकर्मा चौक के समीप नाले की पुलिया के पास सड़क किनारे नगर पालिका का कूड़ा एकत्र करने वाला डंपर खड़ा था। इसी दौरान सौरभ की बाइक डंपर के पिछले हिस्से से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और हेलमेट पहने सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। सोमवार को परिजनों ने शुकतीर्थ के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया। हादसे को लेकर परिवार में शोक की लहर है।

### देर रात दो बाइक सवार डिवाईडर से टकराए, मौके पर एक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** देर रात नगर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना क्षेत्र के अन्तर्गत उस समय दुखद हादसा हो गया, जब अनियंत्रित होकर एक ही बाइक पर सवार दो लोग डिवाइडर से जा टकराए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर से टकराते ही दोनों लोग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों लोग खामपुर निवासी बताए गए हैं। दोनों लोगों को आनन-फानन में जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां गंभीर हालत में एक व्यक्ति को मेरठ के लिए रैफर कर दिया। मृतक का नाम मोइन पुत्र मतलूब बताया गया जबकि घायल का नाम जाकिर पुत्र लियाकत को गंभीर अवस्था में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।





# पुष्पा हत्याकांड में आरोपी को उम्रकैद

**फावड़े से हत्या कर शव के किए थे टुकड़े, एससी-एसटी कोर्ट ने लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना**

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** पुरकाजी क्षेत्र के चर्चित पुष्पा हत्याकांड में विशेष न्यायालय एससी-एसटी एक्ट ने एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। मुकदमे की सुनवाई के दौरान कई गवाहों के पक्षद्रोही होने के बावजूद पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस द्वारा जुटाए गए अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन पक्ष आरोपी का अपराध साबित करने में सफल रहा।

अभियोजन के अनुसार, 23 फरवरी 2022 को पुरकाजी थाना क्षेत्र के दक्षिणी चमारान मोहल्ला निवासी कंवरपाल की पत्नी पुष्पा को शमा पत्नी अमीर आलम और उसकी बेटी घर से बुलाकर ले गई थीं। बताया गया कि पुष्पा और शमा के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को समाप्त कराने और समझौता कराने की बात कहकर पुष्पा को अपने साथ ले जाया गया था। आरोप था कि शमा और उसकी बेटी पुष्पा को ई-रिक्शा में बैठाकर खादर रोड होते हुए नई बस्ती खड़कवाला ले गईं। वहां शमा, उसकी बेटी और शमा के पति अमीर आलम उर्फ भूरा ने पुष्पा की फावड़े से वार कर हत्या कर दी। आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव के टुकड़े कर दिए थे। पुलिस ने एक मकान से शव के टुकड़े बरामद किए थे। घटना के संबंध में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान शमा और उसकी बेटी के नाम मुकदमे से निकाल दिए गए, जबकि अमीर आलम उर्फ भूरा के खिलाफ न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल किया गया। एडीजीसी आशीष त्यागी ने बताया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान वादी ने प्रारंभ में अभियोजन का समर्थन किया, लेकिन बाद में आरोपी के दबाव में जिरह के दौरान अपने पूर्व बयान से मुकर गया और आरोपी के पक्ष में बयान दिया। घटना के अन्य गवाह भी पक्षद्रोही हो गए। इसके बावजूद पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित पुलिस की ओर से एकत्र किए गए वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्यों को अभियोजन ने मजबूती से अदालत के समक्ष रखा। विशेष न्यायालय एससी-एसटी एक्ट के न्यायाधीश डॉ. विजय कुमार ने उपलब्ध साक्ष्यों और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के आधार पर अमीर आलम उर्फ भूरा को पुष्पा की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। फैसले के बाद मामले में पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है।



# मकान की छत का लेंटर टूटकर गिरा, पिता-पुत्री समेत तीन घायल

**चरथावल, 31 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर में मंगलवार को मकान की छत के लेंटर का एक हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। हादसे में पिता-पुत्री समेत तीन लोग घायल हो गए। लेंटर गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार हैबतपुर निवासी देवेंद्र पुत्र महेंद्र (46), तानवी पुत्री महेंद्र (14) और आशा पुत्री देवेंद्र मकान में मौजूद थे। इसी दौरान छत के लेंटर का एक हिस्सा अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से तीनों घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद तीनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली। गनीमत रही कि लेंटर का पूरा हिस्सा नहीं गिरा, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है।



## चरथावल एसओ ने बीमार विधवा को रेस्क्यू किया

**– आधी रात को पुलिस बल के साथ मुथरा पहुंचे, बेटी सहित महिला को बचाया**

**चरथावल, 31 अगस्त (बु.)।** चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने देर रात एक गंभीर रूप से बीमार विधवा महिला की मदद की। सूचना मिलने पर वह पुलिस बल के साथ मुथरा गांव पहुंचे और महिला व उसकी बेटी को रेस्क्यू किया। यह घटना देर रात करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार, महिला के पति का पहले ही निधन हो चुका है। वह लंबे समय से बीमार थी और उसकी हालत गंभीर थी। आरोप है कि उसके देवर, जेठ और ननद उसे इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जा रहे थे। पड़ोसियों को भी महिला से मिलने नहीं दिया जा रहा था। देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने सूचना थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया को दी। दहिया ने बिना किसी देरी के मौके पर पहुंचकर महिला और उसकी बेटी को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद महिला और उसकी बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल ले जाया गया। वहां चिकित्सा प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने महिला का इलाज शुरू किया। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे आगे के उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



# बुढ़ाना तहसील में दबंगों का तांडव, दो भाकियू नेताओं को फांसी के फंदे से बांधकर हत्या का प्रयास

## – एसडीएम ऑफिस के बाहर धरना

**बुढ़ाना, 31 अगस्त (बु.)।** बुढ़ाना तहसील परिसर सोमवार को अखाड़ा बन गया। गांव हुसैनपुर कला के जमीन विवाद में दबंगों ने पहले तो कब्जा दिलाने गई पुलिस-प्रशासन की टीम को गांव से खदेड़ दिया और फिर तहसील में घुसकर भारतीय किसान यूनियन के दो नेताओं को रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर मारने का प्रयास किया। दोनों नेता जान बचाकर एसडीएम ऑफिस में घुसे, तब जाकर उनकी जान बची। घटना से गुस्साए भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसडीएम ऑफिस के बाहर धरना शुरू कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव हुसैनपुर कलां निवासी मंगलसेन ने गांव के ही अबरार पुत्र जब्बार की करीब पौने दो बीघा जमीन पर पिछले 30 सालों से अवैध कब्जा कर रखा था। अबरार ने इसको लेकर एसडीएम बुढ़ाना कोर्ट में वाद दायर किया था। इसी माह अबरार मुकदमा जीत गया। एसडीएम के आदेश पर पिछले हफ्ते तहसील टीम ने मौके पर जाकर जमीन की नपाई की थी। सोमवार को जब तहसील टीम पुलिस के साथ अबरार को कब्जा दिलाने खेत पर पहुंची, तो पहले से तैयार बैठे दबंग पक्ष के लोगों ने टीम के साथ बदतमीजी और धक्का मुक्की कर उन्हें गांव से ही खदेड़ दिया। इसी मामले की पैरवी के लिए युवा भाकियू बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष लविश जांगिड़ और किसान नेता पिंटू बालियान तहसील परिसर में मौजूद थे। भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार के अनुसार, तभी हुसैनपुर कला के राजीव, संजीव और उनके साथ आई दो महिलाओं सहित मंगलसेन पक्ष के कई लोग तहसील में धमके और दोनों नेताओं पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने रस्सी का फंदा बनाकर दोनों नेताओं के गले में डालकर हत्या करने का प्रयास किया और उन्हें दौड़ा दौड़ाकर पीटा। जान बचाने के लिए दोनों नेता भागकर सीधे एसडीएम कोर्ट में घुस गए। उस वक्त एसडीएम कोर्ट में मौजूद थे। आरोप है कि हमलावर एसडीएम ऑफिस के अंदर तक घुस गए और एसडीएम के सामने ही गाली गलौच करते हुए फरार हो गए। इस घटना के बाद भाकियू कार्यकताओं में भारी रोष फैल गया। सूचना पर सैकड़ों कार्यकर्ता तहसील पहुंच गए और जिला महासचिव अनुज बालियान व तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। वहीं कुछ नेता बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और कोतवाल से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पीड़ित नेताओं का कहना है कि अगर मौके पर अधिकारी मौजूद न होते तो आज उनकी हत्या हो जाती। पुलिस के आश्वासन और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कुछ घंटों बाद धरना समाप्त किया गया। धरने में भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार, साहिल चौधरी, आशु राणा, शाहवेज राणा, सोनू कुरैशी, अफजाल मंसूरी, ईशा राजपूत, अमित चौधरी, शहजाद अहमद, यासीन खां, मुन्ना, अदनान खान, राजवीर सिंह, अनीस खान, ठाकुर तमशीर सोम, सिंदर पाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बिलासपुर कट के पास ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**– घायल की पहचान सिखेड़ा थाना क्षेत्र के भंडूर गांव निवासी आदेश पुत्र लालू के रूप में हुई**





**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** नगर में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे-58 पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर बाइपास कट के पास हुआ। टक्कर में स्कूटी सवार करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गयी। हादसे में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बुजुर्ग के हेलमेट पहने होने के कारण उनकी जान बच गई, लेकिन हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान सिखेड़ा थाना क्षेत्र के भंडूर गांव निवासी आदेश पुत्र लालू के रूप में हुई है। उनकी स्कूटी पर अधिवक्ता का स्टीकर लगा हुआ था। हादसे के बाद बुजुर्ग गंभीर हालत में सड़क पर पड़े रहे। मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। घायल बुजुर्ग को सड़क पर पड़ा देख कई राहगीर मदद के लिए आगे आए। साथ ही पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान उक्त युवक की मौत हो गयी। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्कूटी को सड़क से हटवाया। बताया गया कि ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# त्यागी समाज के युवाओं का मांगेराम के पक्ष में मोर्चा

**– राजनीतिक गतिविधियों पर जताई आपत्ति, रितिक त्यागी ने प्रशासनिक दबाव के आरोप लगाए**

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** नगर के त्यागी सभा भवन में सोमवार सुबह करीब 11 बजे त्यागी समाज के युवाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें युवाओं ने मांगेराम त्यागी के समर्थन में खुलकर मोर्चा खोल दिया। बैठक में मौजूद युवाओं ने सर्वसम्मति से घोषणा की कि वे मांगेराम त्यागी के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और समाज के हितों से जुड़े संघर्ष में उन्हें तन, मन और धन से सहयोग देंगे। बैठक में युवाओं ने कहा कि मांगेराम त्यागी लंबे समय से समाज के लोगों के सुख-दुख में धरातल पर सक्रिय रहते हैं और समाज से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष करते हैं। युवाओं का कहना था कि समाज के लिए जिस तरह मांगेराम त्यागी काम कर रहे हैं, वैसा काम कोई दूसरा व्यक्ति नहीं कर रहा है। इसी वजह से युवा वर्ग उनके समर्थन में एकजुट होकर सामने आया है।

बैठक के दौरान त्यागी सभा भवन में हाल के दिनों में हुई राजनीतिक गतिविधियों को लेकर युवाओं ने कड़ी आपत्ति जताई। वक्ताओं ने कहा कि त्यागी सभा भवन पूरे समाज की साझा धरोहर है और इसे किसी राजनीतिक दल का कार्यालय या राजनीतिक मंच नहीं बनने दिया जाना चाहिए। उनका कहना था कि सभा भवन में सामाजिक सुधार, समाज की कुप्रथाओं को समाप्त करने, युवाओं के उत्थान और समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होनी चाहिए। युवाओं ने विशेष रूप से समाज में व्याप्त कुछ पुरानी प्रथाओं और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उनका कहना था कि त्यागी समाज के युवाओं की शिक्षा, रोजगार, सामाजिक उत्थान और भविष्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस दौरान रितिक त्यागी ने प्रशासन और विरोधी पक्षों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेताओं के गांवों में प्रवेश पर रोक से संबंधित उनकी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर उन पर पुलिस और प्रशासन की ओर से दबाव बनाया जा रहा है। रितिक त्यागी ने आरोप लगाया कि उनसे सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के लिए कहा जा रहा है। रितिक त्यागी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने और अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह किसी दबाव में आकर अपनी पोस्ट डिलीट नहीं करेंगे और अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से रखते रहेंगे। बैठक में उज्ज्वल त्यागी ने भी राजनीतिक दलों को लेकर समाज का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक दल ब्राह्मण और त्यागी समाज को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व देगा और समाज के हितों की आवाज को गंभीरता से सुनेगा, समाज उसी राजनीतिक दल के साथ खड़ा होने पर विचार करेगा। युवाओं ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े कुछ लोग पूरे त्यागी समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। वक्ताओं का कहना था कि सरकार के साथ जुड़े रहने के बावजूद कुछ नेताओं ने ब्राह्मण और त्यागी समाज से जुड़े कथित उत्पीड़न और अन्य मुद्दों पर अपेक्षित रूप से आवाज नहीं उठाई।





# मीरापुर में श्रम विभाग 10 किशोर श्रमिकों को कराया मुक्त

**मीरापुर, 31 अगस्त (बु.)।** जानसठ- प्रदेश सरकार के बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने मीरापुर क्षेत्र में होटल, ढाबों, गैरेज समेत कई प्रतिष्ठानों पर अभियान चलाकर बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान 10 किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया तथा सेवायोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी दी गई। सोमवार को मीरापुर में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के निर्देश तथा सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह के निर्देशन में श्रम विभाग की टीम ने अभियान चलाया। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ला के नेतृत्व में थाना मानव तस्करी विरोधी इकाई प्रभारी सत्येंद्र नगर, सब इंस्पेक्टर जगत सिंह, राम अवतार व प्रवीण तथा सहयोगी संस्था जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन/ग्रामीण समाज विकास केंद्र के सदस्यों ने मीरापुर में कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस संयुक्त टीम ने मीरापुर में मदान चौक, किथौड़ा, बस स्टैंड ,बाईपास के अलावा राजमार्ग पर स्थित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और यहाँ कार्यरत करीब 10 किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया। इस दौरान टीम ने बाल श्रम कराने वाले प्रतिष्ठानों के स्वामियों को चेतावनी व नोटिस भी दिए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ला ने बताया कि बाल श्रम के खिलाफ अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों, होटल ढाबा संचालकों से अपील की कि 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों से किसी भी प्रकार का काम न कराया जाए। इस दौरान सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह ने कहा कि बच्चों का सर्वप्रथम अधिकार शिक्षा है। उन्होंने सेवायोजकों और नागरिकों से अपील की कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम कराने के स्थान पर उन्हें शिक्षा दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने लोगो को बाल श्रम की सूचना के लिए हेल्पलाइनः 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 पुलिस तथा 1090 महिला हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी भी दी।

# 4 महीने से लापता दो परिजनों को मंसूरपुर पुलिस ने सकुशल बरामद किया

**मंसूरपुर, 31 अगस्त (बु.)।** मंसूरपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब चार महीने से लापता चल रहे दो परिजनों को सकुशल बरामद कर लिया। बरामद किए गए लोगों की पहचान ग्राम जड़ौदा निवासी कर्ण सिंह (76) और पुष्पेंद्र कुमार (58) के रूप में हुई है। दोनों के लापता होने की गुमशुदगी 15 अप्रैल को मंसूरपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से ही मंसूरपुर पुलिस दोनों की तलाश में लगातार प्रयास कर रही थी। पुलिस टीम ने विभिन्न माध्यमों से जानकारी जुटाते हुए आखिरकार दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई पूरी कर दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। लंबे समय बाद दोनों के सकुशल मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। दोनों की तलाश और बरामदगी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार त्यागी के नेतृत्व में की गई। इसमें उपनिरीक्षक ललित राजपूत समेत मंसूरपुर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि लापता व्यक्तियों की तलाश को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप दोनों को सुरक्षित बरामद करने में सफलता मिली।







# वेल्डर की दुकान का ताला तोड़ दो वेल्डिंग मशीनें चोरी

## – पुलिस फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश में जुटी

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** नगर कोतवाली क्षेत्र की रोहाना चौकी इलाके में चोरों ने एक वेल्डर की दुकान को निशाना बनाया। यहां से दो वेल्डिंग मशीनें चोरी कर ली गईं। सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकान मालिक को ताला टूटा मिला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। यह घटना सहारनपुर स्टेट हाईवे पर बेगमपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। दुकान मालिक अरुण कुमार ने बताया कि सोमवार शाम को वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर रखी दो वेल्डिंग मशीनें गायब मिलीं। चोरी की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर दरोगा बच्चू सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकान मालिक से घटना के संबंध में जानकारी ली और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी मोहित ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस चोरी की घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है।

## आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 01 सितम्बर, 2026**

**मेष–** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**वृषभ–** आज दिन 1/32 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**मिथुन–** आज दिन 1/32 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**कर्क–** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

**सिंह–** आरोग्य सुख में वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक सौहार्द, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**कन्या–** आज दिन 1/32 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**तुला–** आज दिन 1/32 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**वृश्चिक–** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**धनु–** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**मकर–** आज दिन 1/32 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**कुम्भ–** आज दिन 1/32 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोध की अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**मीन–** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित





**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जानसठ रोड स्थित नैराना विद्युत सब-स्टेशन की 500 मीटर लिंक रोड के निर्माण एवं विद्युत पोल शिफ्टिंग के प्रकरण पर चर्चा की गई। एनएचएआई के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य का एस्टीमेट मुख्यालय से अनुमोदित हो चुका है तथा बारिश का मौसम समाप्त होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ कराकर शीघ्र पूर्ण करा दिया जाएगा। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों के साथ प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित कर विभाग से संबंधित समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि औद्योगिक गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में धंधेड़ा रोड से औद्योगिक क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़क के संबंध में नोडल अधिकारी, लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा। वहीं, मैसर्स राधा गोविन्द ऑटोमोबाइल्स प्रा. लि., मुजफ्फरनगर की एनओसी/मानचित्र से संबंधित प्रकरण में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, मुजफ्फरनगर को संबंधित विभागों से आवश्यक आख्या प्राप्त कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एनओसी जारी करने के निर्देश दिए गए। मैसर्स बी.के. टाइल्स, मेरठ रोड के समीप स्थित लिंक रोड के क्षतिग्रस्त होने के प्रकरण पर अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा। ग्राम लच्छेड़ा में मिल्टेक इंडस्ट्रीज के सामने विद्युत पोल स्थापित कर विद्युत तारों को ऊंचा कराने के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए, जिससे औद्योगिक इकाई के संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में हुए प्लेसमेंट की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि औद्योगिक आस्थान के मुख्य मार्ग के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यों में एमडीए तथा नगर पालिका के साथ सक्रिय सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों का बेहतर बुनियादी ढांचा एवं स्वच्छ-सुंदर वातावरण जनपद में औद्योगिक निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग जैस्मीन द्वारा किया गया। उन्होंने बैठक में प्रस्तुत विभिन्न प्रकरणों एवं विभागीय कार्यवाही की जानकारी भी साझा की। अंत में सभी अधिकारियों एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त सहित जनपद स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# परिजन और ग्रामीण कार्रवाई की मांग को भोपा थाने पहुंचे

**भोपा, 31 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के तिस्सा गांव में लापता युवक अंकुल कटारिया का शव खेत की नाली में क्षत-विक्षत हालत में मिलने के बाद सोमवार को परिजन और ग्रामीण भोपा थाने पहुंचे। उन्होंने दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। तिस्सा निवासी धीरसिंह कटारिया ने बताया कि उनका 28 वर्षीय पुत्र अंकुल कटारिया गुरुवार को गेहूं पिसाने के लिए आटा चक्की पर गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की और बाद में भोपा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार सुबह गांव के तेवड़ा मार्ग के किनारे किसान मलखान सैनी के खेत की नाली में अंकुल का शव पड़ा मिला। मृतक के चाचा आजादवीर सिंह ने बताया कि घटनास्थल से गले की एक चेन मिली है, जिसे उन्होंने गांव के एक युवक की बताया। आजादवीर सिंह ने आरोप लगाया कि एक युवक अंकुल को बुलाकर अपने साथ ले गया था और दोनों युवकों ने मिलकर उसकी हत्या की है। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान मोनू कुमार, ललेश कुमार, रोशन लाल, बिट्टू, बले सिंह, राहुल कुमार, कमल कुमार, उत्तमवीर, राकेश कुमार, संजू, गुड्डू, भुवनेश कुमार, मोनू, सतपाल, सतबीर, संतोष, परीक्षी, हेमा, वीरमति, संजय कुमार, सुशीला, रीना, लिटिल, सोनिया, मंजू, मुनेश और मीनाक्षी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालड़ा मोड़ पर दो बाइकों की टक्कर

**– महिला सहित तीन लोग घायल, दो की हालत गंभीर**

**जानसठ, 31 अगस्त (बु.)।** जानसठ में सोमवार शाम तालड़ा मोड़ के पास हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। इनमें टिंकू और अफाक की हालत गंभीर बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार, टिंकू पुत्र पालें राम निवासी महेलकी अपनी बाइक से जटवाड़ा की ओर से आ रहे थे। वहीं, अफाक पुत्र फरमान निवासी संभलहेड़ा अपनी पत्नी रजिया के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान तालड़ा मोड़ के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जबकि अफाक की पत्नी रजिया भी चोटिल हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल टिंकू और अफाक को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जानसठ क्षेत्र में हाईवे पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। कस्बे में हाईवे पर वाहनों के रॉन्ग साइड चलने से हादसों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि यातायात नियमों की अनदेखी कर कई वाहन चालक रॉन्ग साइड से वाहन निकालते हैं, जिससे सामने से आने वाले वाहनों से टक्कर की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस-प्रशासन से रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने तथा दुर्घटना संभावित स्थानों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। साथ ही हाईवे पर सुरक्षित आवागमन के लिए ओवरब्रिज निर्माण की मांग भी उठाई गई है।



# फुगाना में हथियार लहराकर दहशत फैलाने का आरोप

**– सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं वीडियो**

**बुढ़ाना, 31 अगस्त (बु.)।** थाना फुगाना क्षेत्र के गांव लोई से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के ही एक ग्रामीण ने गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ हथियार लहराकर दहशत फैलाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए फुगाना थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ग्रामीण ने थाना अध्यक्ष फुगाना को दी गई तहरीर में बताया कि गांव लोई निवासी अब्दुल्ला दबंग किस्म का व्यक्ति है। आरोप है कि वह आए दिन गांव में सरेआम अवैध असलहा लहराता है, फायरिंग करता है और लोगों को डराता-धमकाता है, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति का मुंबई की एक कंपनी से ताल्लुक है और वह लोई हाईवे पर स्थित होटल नालागढ़ पर नशे के कारोबार सहित अन्य अनैतिक गतिविधियों में लिप्त है। तहरीर में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में पुलिस द्वारा 500 किलोग्राम नशीला पदार्थ भी बरामद किया जा चुका है, फिर भी अवैध कारोबार जारी है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उसे लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहा है, जिससे वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी के 4 वीडियो सोमवार सुबह से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इनमें एक वीडियो सर्दियों का 09 सेकंड का है और 03 वीडियो हाल ही के हैं जो लगभग 30-30 सेकंड के हैं। वायरल वीडियो में वह बेखौफ होकर फिल्मी स्टाइल में हथियार का खुला प्रदर्शन करता हुआ नजर आ रहा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। फुगाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# रोडवेज बस अड्डे से लंबे समय से वांछित गैंगस्टर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** थाना खालापार पुलिस की टीम ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे अभियुक्त मेहरबान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपी को मुजफ्फरनगर रोडवेज बस अड्डे के पास से दबोचा। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ जनपद के अलग-अलग थानों में हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस गिरफ्तारी को पूरा किया। एक गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और रविवार रात करीब मुजफ्फरनगर रोडवेज बस अड्डे पर दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस हिरासत में आए अभियुक्त की पहचान मेहरबान पुत्र छोटे के रूप में की गई है। आरोपी मेहरबान मूल रूप से अंसारी मोहल्ला, वार्ड नंबर 08, पश्चिमी फतेहगंज, थाना पश्चिमी फतेहगंज, जनपद बरेली का रहने वाला है। वह मुजफ्फरनगर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए मेहरबान के खिलाफ थाना खालापार में 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसी मुकदमे में वह काफी समय से वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग मामलों में कुल पांच मुकदमों का पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है, जिसमें हत्या के प्रयास और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।




# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**– जानसठ में गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर**

**जानसठ, 31 अगस्त (बु.)।** जानसठ में एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। घटना सोमवार की है। यह घटना मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सराय निवासी कादिर पुत्र असलम के साथ हुई। कादिर अपनी बाइक से अपने गांव से जानसठ की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण कादिर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल कादिर को सीएचसी ले गई। वहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।



# बैंक्वेट हॉल में हुई चोरी का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** खालापार थाना पुलिस ने एक बैंक्वेट हॉल में हुई चोरी की घटना का महज 12 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर दिया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। बरामद किए गए सामान में अलग-अलग प्रकार की नौ टॉयलेट टोटियां और एसी के कटे हुए कॉपर पाइप शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें अदालत के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 30 अगस्त 2026 को चोरी की इस वारदात के संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत दी गई थी। जिला चिकित्सालय के रहने वाले मनीष कुमार पुत्र ईश्वर सिंह, जो वर्तमान में गुप्ता रिसोर्ट स्थित गुलमोहर बैंक्वेट हॉल के प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने खालापार थाने पहुंचकर अपनी तहरीर सौंपी थी। मनीष कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि अज्ञात चोरों ने गुलमोहर बैंक्वेट हॉल के टॉयलेट में घुसकर वहां लगी टोटियां और एसी के कॉपर पाइप काटकर चोरी कर लिए हैं। प्रबंधक की इस लिखित तहरीर के आधार पर खालापार पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया। इस मामले की आगे की जांच और विवेचना उपनिरीक्षक विकास सिंघल को सौंपी गई। पुलिसकर्मियों ने घटना स्थल यानी गुलमोहर बैंक्वेट हॉल और उसके आसपास के विभिन्न रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को ध्यान से खंगाला। पुलिस की इस तत्परता के कारण घटना के लगभग 12 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिल गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 31 अगस्त 2026 की रात को पुलिस टीम को मुखबिर से एक सटीक सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शामली बाईपास रोड पर स्थित वहलना पुल के नीचे पिलर के पास पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम ने पिलर के पास मौजूद दो संदिग्ध व्यक्तियों को मौके से दबोच लिया। थाने लाकर जब दोनों से पूछताछ की गई तो उनकी पहचान स्पष्ट हुई। गिरफ्तार किए गए पहले आरोपी की पहचान अनस पुत्र पप्पू के रूप में हुई, जो मकान मालिक मारूफ, नन्ही दुनिया स्कूल के पास, मोहल्ला खेड़ा पट्टी सुजड़ु, थाना खालापार का रहने वाला है। वहीं दूसरे आरोपी की पहचान इमरान पुत्र अफजाल उर्फ गुलजार के रूप में हुई, जो ग्राम नरा, थाना मंसूरपुर का निवासी है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी अनस और इमरान के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। उनके पास से अलग-अलग प्रकार की नौ अदद टॉयलेट की टोटियां और एसी के कटे हुए कॉपर पाइप मिले हैं। इस बरामदगी के आधार पर दर्ज किए गए मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। खालापार थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने बैंक्वेट हॉल में हुई चोरी की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया है।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

**E-mail :**

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## मोदी की उज्बेकिस्तान और किर्गिज यात्रा

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की उज्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की यात्रा, मध्य एशिया के दो अहम देशों या शंघाई सहयोग संगठन तक पहुंचने के प्रयास से कहीं अधिक है। भारत के हितों और वैश्विक परिवेश में भारत की अहमियत के मद्दे नजर यह यात्रा बहुत अहम है। इस यात्रा में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को ताशकंद में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने अपने देश के सर्वोच्च मित्रता सम्मान 'ओली दाराजाली दोस्तलिक' से सम्मानित किया। इस पर ओवैसी ने तंजिया लहजे में कहा है कि बीजेपी को मुबारकबाद कि जिस बाबर के नाम पर हमें गालियां देते थे, उसी बाबर के देश ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को अवार्ड दिया है। इस पर कुछ बुद्धिजीवियों ने कहा है कि बाबर तब की फरगना घाटी जो अब उज्बेकिस्तान कहलाती है, से सन 1515 के आसपास आया था, तब की फरगना घाटी और आज का उज्बेकिस्तान भले ही बाबर का जन्मस्थान हो लेकिन उसमें 6 सदियों का बड़ा अन्तर आ गया है।'ओली दाराजाली दोस्तलिक' उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च मित्रता सम्मान है, जो किसी मित्र देश के नेता को दिया जाता है। उज्बेक भाषा में ओली दाराजाली का मतलब होता है सर्वोच्च स्तर और दोस्तलिक का अर्थ है मित्रता। यानी 'सर्वोच्च मित्रता का सम्मान'। यह पीएम मोदी को मिला 36वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने किर्गिस्तान पहुंच गये, वहाँ वे शंघाई को ऑपरेशन समिट यानी एससीओ समिट में शामिल होंगे। इस समिट की थीम 'शांति, विकास और समृद्धि के लिए मिलकर आगे बढ़ना' है, एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 को चीन के शंघाई शहर में हुई थी। शुरूआत में इसके 6 सदस्य देश थे,चीन, रूस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। आज एससीओ दुनिया के सबसे बड़े क्षेत्रीय संगठनों में शामिल है, इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षा, आतंकवाद का विरोध, आर्थिक सहयोग, संपर्क और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाना है। मोदी बिश्केक में होने वाले 6 वें वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे। एससीओ 10 देशों का समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में एससीओ के पूर्ण सदस्य बने थे। फिर 2023 में ईरान और 2024 में बेलारूस इसमें शामिल हुए। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की बिश्केक में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से मुलाकात हुई है। पश्चिम एशिया में जंग शुरू होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात है। भारत लंबे समय से मध्य एशिया के देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। मध्य एशिया तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों का बड़ा भंडार है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए इस क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग बढ़ाना चाहता है। भारत मध्य एशिया के देशों के साथ व्यापार भी बढ़ाना चाहता है। इसके लिए वह नये व्यापार और परिवहन मार्ग विकसित करने पर काम कर रहा है। अफगानिस्तान की स्थिति और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भी भारत इन देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का एससीओ दौरा सिर्फ मध्य एशिया के साथ संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसके पीछे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की बड़ी कूटनीतिक रणनीति है। वर्ष 2028-2029 के अस्थायी कार्यकाल के लिए भारत की राह में ताजिकिस्तान एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। दोनों देश एशियाई ब्लॉक की एकमात्र सीट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। भारत और ताजिकिस्तान दोनों ही देशों ने 2028-2029 के कार्यकाल के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रखी है और ताजिकिस्तान को इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी का समर्थन हासिल हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पिछले एक-दो वर्षों में हुए चुनावों में जबरदस्त उलट-फेर हुआ है और जर्मनी जैसे देशों को भी हार का सामना करना पड़ा है, इसलिए भारत बहुत फूंक-फूंक कर कदम रखने की कोशिश कर रहा है। इसीलिए अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पीएम मोदी 2009 के सफल फॉर्मूले को दोहराते हुए ताजिकिस्तान को अपनी दावेदारी पीछे हटने के लिए मना पाएंगे? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 2028-29 अवधि की अस्थायी सदस्यता के चुनाव जून 2027 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में होंगे। अस्थाई सदस्यता हासिल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान करने वाले देशों का दो-तिहाई बहुमत हासिल करना अनिवार्य है। संयुक्त राष्ट्र में कुल 193 सदस्य देश हैं। यदि सभी देश मतदान में हिस्सा लेते हैं, तो भारत को जीत के लिए कम से कम 129 वोटों की आवश्यकता होगी। ताजिकिस्तान को 57 सदस्यीय इस्लामिक सहयोग संगठन का आधिकारिक समर्थन हासिल हो चुका है, जो कि एक बड़ा वोट बैंक है। भारत को अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फिजी और श्रीलंका जैसे देशों से शुरूआती समर्थन की प्रतिबद्धता मिल चुकी है। इसके अलावा गुप्त मतदान की वजह से खाड़ी के कई देशों जैसे यूएई, कुवैत, कतर जैसे देशों का समर्थन भारत को मिल सकता है। इसके अलावा अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों में ताजिकिस्तान की राजनयिक पहुंच भारत के मुकाबले काफी सीमित है। यहां भारत को फायदा है। पिछली बार 2021-22 के टर्म भारत को रिकॉर्ड 184 वोट मिले थे। प्रधानमन्त्री की इस यात्रा के दौरान ताशकंद राज्य प्राच्य अध्ययन विश्वविद्यालय में छात्रों और शैक्षणिक समुदाय के साथ प्रधानमन्त्री मोदी की बातचीत के दौरान एक विशेष सांस्कृतिक क्षण भी देखने को मिला। यहां उज्बेक छात्रों ने एक साथ आकर प्रधानमन्त्री के सामने उनकी खुद की लिखी लोकप्रिय कविताओं का गायन और पाठ किया। छात्रों ने तीन कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनमें से प्रत्येक का पाठ हिंदी और उज्बेक दोनों भाषाओं में किया गया। 'अभी तो सूरज उगा है'। 'नये भारत के नये संकल्प' और 'मानवता को कहीं न लग जाए दाग' का पाठ किया गया। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने महान तमिल ग्रंथ तिरुक्कुरल का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'तिरुक्कुरल' आज भी उतना ही महत्वपूर्ण बना हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि सदियों पहले तमिल भाषा में लिखा गया 'तिरुक्कुरल' आज भी जीवन के हर क्षेत्र में प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बना हुआ है। इसमें आध्यात्मिकता, दर्शन और व्यावहारिक समझ शामिल है। कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर की इस रचना को शास्त्रीय तमिल साहित्य की एक उत्कृष्ट कृति माना जाता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जनता' 'राजा' 'अक़्ल' 'झोल'

अब तो जनता का शासन है फिर भी यहाँ,खुद को राजा का बेटा समझते रहे।
अक़्ल तो है नहीं,चमचे नादान हैं,जो किसी ने कहा वो ही बकते रहे।
जितनी बातें कही सब ही में झोल है,चन्द मिनटों में उनकी खुली पोल है,
दिल में भी जहर है,सोच है नक्सली,इसलिये राजा बाबू भटकते रहे।

# समाजसेवी सतीश गोयल ने रखी रोडवेज गुरुद्वारा साहिब के दरबार हॉल की नींव





**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** रोडवेज बस स्टैंड के समीप स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रोडवेज में सोमवार को दरबार साहिब हॉल के विस्तारीकरण के लिए नींव पत्थर रखने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी सतीश चंद गोयल को श्री गुरु सिंह सभा मुजफ्फरनगर की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने पंज प्यारों की अगुवाई में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान गुरु अरदास के बाद बाद दरबार हॉल के विस्तारीकरण के लिए नींव पत्थर रखा। नींव पत्थर कार्यक्रम में पधारने के बाद मुख्य अतिथि जिले के प्रमुख उद्यमी और समाजसेवी सतीश चंद गोयल ने गुरु दरबार में मत्था टेककर और गुरु ग्रंथ साहिब की परिक्रमा के बाद सभी के लिए सुख, समृद्धि और शांति के लिए अरदास की। कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि सतीश चंद गोयल और पंज प्यारों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसके पश्चात धार्मिक कार्यक्रम के बीच दरबार साहिब के हॉल के विस्तारीकरण कार्य के लिए सतीश चंद गोयल ने नींव पत्थर रखा। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धा और धार्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में गुरुद्वारा दरबार हॉल के विस्तार को लेकर उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। हॉल के विस्तारीकरण से श्रद्धालुओं और संगत को धार्मिक आयोजनों के दौरान अधिक स्थान उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस दौरान श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सतपाल मान ने बताया कि संगत की सुविधा के लिए गुरुद्वारा रोडवेज के दरबार हॉल के विस्तारीकरण पर काफी दिनों से मंथन चल रहा था।

आज इसके लिए नींव पत्थर रखा गया है और हमें प्रसन्नता है कि ये नींव पत्थर गुरु ग्रंथ साहिब में सच्ची आस्था रखने वाले समाज के हितों के प्रति हमेशा ही चिंतित रहने वाले समाजसेवी सतीश चंद गोयल जैसे व्यक्ति के हाथों से रखा गया है। इसके लिए पूरी कमेटी और समाज में खुशी है, क्योंकि समाजसेवी सतीश चंद गोयल संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित हैं और जिस प्रकार से गुरु गोविंद सिंह तथा उनके चार साहिबजादों की याद में वो बाल दिवस को सच्ची श्रद्धा के साथ मनाकर समाज में सिक्ख समाज के शहीद गुरुओं के आदर्श नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं, वो सराहनीय है। मुख्य अतिथि सतीश चंद गोयल ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि वो श्री गुरु सिंह सभा कमेटी के सभी पदाधिकारियों और समाज के आभारी हैं कि उन्होंने इतना बड़ा पुनीत अवसर उनको प्रदान किया।

सिक्ख समाज के सभी गुरुओं ने देश और धर्म के लिए बलिदान दिया, अपना सर्वस्व लुटा दिया। गुरु गोविंद सिंह और उनके परिवार का बलिदान विश्व का सबसे बड़ा बलिदान है। युवाओं को इस बलिदान से प्रेरित होकर देश, धर्म और समाज के हितों की रक्षा के लिए अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार सतपाल सिंह मान, सेक्रेटरी सरदार अजीत सिंह मलिक सहित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रोडवेज कमेटी के पदाधिकारी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।





# चकबंदी कार्यालय में अनोखा धरना, चारपाई और मच्छरदानी लेकर पहुंचे किसान

**– मांगें पूरी होने तक धरना जारी रखने का ऐलान, किसानों के पहुंचने से पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप**

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** अपनी मांगों के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने चकबंदी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन को लेकर किसान इस बार अलग अंदाज में नजर आए। किसान अपने ट्रैक्टरों पर चारपाई, मच्छरदानी और धरने के लिए जरूरी सामान लादकर चकबंदी कार्यालय पहुंचे और वहीं डेरा डाल दिया। धरने का नेतृत्व भाकियू नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पति विकास शर्मा निवासी रोनी हरजीपुर ने किया। किसानों ने चकबंदी विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। किसान नेताओं का कहना है कि लंबे समय से उनकी समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। किसानों ने स्पष्ट किया कि इस बार वे केवल औपचारिक धरना देकर वापस लौटने वाले नहीं हैं। मांगों के समाधान तक कार्यालय परिसर में ही डटे रहने की तैयारी के साथ किसान चारपाई और मच्छरदानी लेकर पहुंचे हैं। इससे संकेत है कि आंदोलन को लंबा खींचने की तैयारी की गई है। चकबंदी कार्यालय पर बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने और धरना शुरू होने की सूचना से पुलिस-प्रशासन में भी हलचल बढ़ गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। वहीं, किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। किसान नेताओं ने प्रशासन से चकबंदी से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की है। धरने के चलते चकबंदी कार्यालय में भी गतिविधियां प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है। किसानों के रुख को देखते हुए प्रशासन और भाकियू पदाधिकारियों के बीच वार्ता की संभावना भी बनी हुई है।

# अपशब्द बोलने व मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग



**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** जिलाधिकारी कार्यालय पर सोमवार को थाना नई मंडी गांव शेरनगर के ग्रामीण पहुंचे और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि गांव के सागर नामक युवा विगत 28 अगस्त की शाम के समय प्राचीन शिव मंदिर शेरनगर में घूमने के लिए जा रहा था। आरोप है कि वहीं मंदिर में उपस्थित महाराज कन्हैया गिरी ने उक्त युवक को जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया और अपशब्द बोले। उसके बाद बोला कि यह मंदिर चमारों का नहीं है फिर उसके ऊपर लाठी-डंडों का प्रयोग किया तथा मुझे मंदिर के बाहर मारपीट करके भगाया। साथ ही गाली-गलौच भी गयी। प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि वह चाहते हैं कि कथित महाराज कन्हैया गिरी के द्वारा जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल करने, मारपीट करने व मंदिर में प्रवेश से रोके जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ व्यापारी नेताओं ने किया डीएम का सकुशल कांवड़ यात्रा संपन्न कराने पर अभिनंदन

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** सोमवार को विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी उमेश चंद मिश्रा का पश्चिम उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी सनातनी कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने पर वरिष्ठ व्यापारी नेतागण राहुल गोयल, शलभ गुप्ता, पवन बंसल, राकेश गर्ग, जनार्दन विश्वकर्मा, श्याम सिंह सैनी, अजय सिंहल, अक्षित अग्रवाल आदि ने सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी व्यापारी नेतागण का सम्मान के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया ओर कहा कि सभी लोगों के सहयोग से ये महान यात्रा सकुशल सम्पन्न हो सकी है, जिसके लिए आप सब भी बहुत बधाई के पात्र हैं। जिले के व्यापारी बढ़-चढ़कर व अन्य संस्थाओं के साथ इसमें भागीदारी करते हैं, इसके लिए आप सबका भी हार्दिक आभार है।

# 2018 के एससी-एसटी आंदोलन से जुड़े मुकदमे वापस लेने की मांग

**– पांच दिन में कार्रवाई न होने पर शांतिपूर्ण धरने की चेतावनी, जिलाधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र**



**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** दो अप्रैल 2018 को हुए एससी-एसटी समाज के भारत बंद आंदोलन के दौरान मुजफ्फरनगर में दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में समाज की ओर से जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जनहित, सामाजिक सौहार्द और न्यायहित में मामलों की समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2018 में एससी-एसटी समाज के संवैधानिक अधिकारों एवं संरक्षण से जुड़े मुद्दों को लेकर देशभर में भारत बंद आंदोलन किया गया था। आंदोलन के दौरान मुजफ्फरनगर में भी विभिन्न लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग भी शामिल बताए गए हैं, जिन पर आंदोलन में शामिल होने अथवा मौके पर मौजूद रहने के कारण मुकदमे दर्ज हुए। आवेदनकर्ताओं का कहना है कि घटना को काफी समय बीत चुका है, लेकिन कई मामलों में संबंधित लोगों को अब भी न्यायालय की कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनके पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से वर्ष 2018 के आंदोलन से संबंधित मुजफ्फरनगर में दर्ज सभी मुकदमों की सूची संबंधित विभाग से प्राप्त करने की मांग की गई है। साथ ही प्रत्येक मुकदमे की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट पुलिस एवं अभियोजन अधिकारियों से मंगाने तथा जिन मामलों में कानून के तहत अभियोजन वापस लेना संभव हो, उनमें नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा जिन मामलों में शासन की अनुमति आवश्यक हो, उनमें जिलाधिकारी स्तर से शासन को अभियोजन वापसी के लिए प्रस्ताव भेजने की मांग की गई है। आवेदनकर्ताओं ने आंदोलन में शामिल निर्दोष लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों की उपलब्ध साक्ष्यों और न्यायालयीन स्थिति के आधार पर समीक्षा कर कानून के अनुरूप राहत दिलाने की मांग भी रखी है। आवेदनकर्ताओं ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए 2 अप्रैल 2018 के आंदोलन से जुड़े मुकदमों की नियमानुसार समीक्षा एवं वापसी की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में प्रशासन से पांच दिन के भीतर ठोस एवं लिखित कार्रवाई कर संबंधित लोगों को अवगत कराने की मांग की गई है। आवेदनकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में मुकदमों की वापसी अथवा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई शुरू नहीं होने पर वे संविधान और कानून के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण धरना शुरू करेंगे। उन्होंने धरने के दौरान कानून-व्यवस्था, सार्वजनिक शांति और यातायात व्यवस्था का पूर्ण पालन करने की बात कही है।

# महंत राजूदास के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट का विरोध, कार्रवाई की मांग

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत एवं हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजूदास के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से लगातार प्रसारित की जा रही अमर्यादित एवं आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के पदाधिकारियों में रोष है। संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुजफ्फरनगर पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपकर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से महंत राजूदास के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित की जा रही हैं। इतना ही नहीं, मांग पत्र में आरोप लगाया गया है कि सोशल मीडिया पर उनके सर कलम करने को लेकर इनाम की घोषणा जैसी गंभीर बातें भी प्रसारित की जा रही हैं। पदाधिकारियों ने इसे गंभीर मामला बताते हुए ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन जिला अध्यक्ष शैंकी धीमान के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया। संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों से सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही आपत्तिजनक सामग्री की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान जिला प्रभारी अंशुल तायल, जिला उपाध्यक्ष शुभम राठी, जिला मंत्री हरिभान सिंह, खतौली नगर अध्यक्ष विवेक चौधरी, सदर तहसील मंत्री वेद प्रकाश तथा नगर मंत्री अनुज सैनी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# बड़कली कट पर युवक चाकू के साथ गिरफ्तार



**रोहाना, 31 अगस्त (बु.)।** कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। रोहाना चौकी क्षेत्र के बड़कली कट पर चैकिंग के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी को जेल भेज दिया है। यह घटना सादपुर हाईवे पर बड़कली कट के सामने सादपुर राजवाहे की ओर जाने वाले खड़ंजे पर हुई। रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को रोका गया। पकड़े गए युवक की पहचान हसीब पुत्र यामीन (उम्र 21 वर्ष) निवासी ग्राम मलीरा, थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी हसीब के खिलाफ धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बच्चू सिंह, कांस्टेबल गौरव और रिक्रूट कांस्टेबल विशाल शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों में हड़कंप मच गया है।

## NOTICE

I, ABHINAVE GOEL S/o CHANDRA PAL GOEL, resident of 6/4, Mahalaxmi Enclave, Jansath Road, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh - 251001, have changed my name from ABHINAVE GOEL to ABHINAV GOEL for all purposes.

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सलमान व उसकी पत्नी शबनम मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं हैं इसलिए मैंने उनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैंने अपने पुत्र सलमान व उसकी पत्नी शबनम से अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का सलमान व उसकी पत्नी शबनम से कोई मतलब-वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है। मेरा पुत्र सलमान व उसकी पत्नी शबनम किसी से कोई लेन-देन या कोई गलत कार्य करते हैं, तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

दिलशाद पुत्र असगर
ग्राम-खुड्डा, थाना-छपार, मुजफ्फरनगर

# 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, हजारों मामलों के निस्तारण की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर के निर्देशानुसार आगामी 12 सितंबर 2026, द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत को सफल बनाने की तैयारियों को लेकर सोमवार को डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सीडि.) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर, बाह्य न्यायालय बुढ़ाना, ग्राम न्यायालय जानसठ, ग्राम न्यायालय खतौली तथा कलक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक मामलों, धारा 138 एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाओं, टेलीफोन, बिजली एवं पानी के बिलों से संबंधित मामलों, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद तथा सिविल मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों से अधिक से अधिक लंबित मामलों को लोक अदालत में चिन्हित कर निस्तारण के लिए प्रस्तुत कराने तथा आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ दिलाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर, मुख्य अभियंता (वितरण) सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# दिव्यांग की फरियाद पर पसीजा अफसर का दिल, एसडीएम ने तुरंत लेखपाल को किया फोन

**बुढ़ाना, 31 अगस्त (बु.)।** बुढ़ाना तहसील में आयोजित जनता दरबार में बुढ़ाना एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उमरपुर निवासी दिव्यांग धर्मेंद्र अपनी पट्टे की जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचा। एसडीएम ने उसकी समस्या गंभीरता से सुनी और तत्काल संबंधित लेखपाल को फोन कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह रोजाना सुबह करीब 10 बजे अपने कार्यालय पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनते हैं। फरियादियों के प्रति उनका सरल और सहज व्यवहार चर्चा में रहता है। शिकायत सुनने के बाद वह संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निस्तारण के निर्देश भी देते हैं। जनता दरबार में पहुंचे दिव्यांग धर्मेंद्र को देखकर एसडीएम ने कर्मचारियों को उसके बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने धर्मेंद्र से उसकी समस्या विस्तार से जानी। धर्मेंद्र ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले उसे पट्टे की जमीन आवंटित हुई थी। आरोप है कि कुछ दबंग लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर वहां मंदिर बना दिया। उसने अपनी जमीन को कब्जामुक्त कराने की गुहार लगाई। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम ने संबंधित हल्के के लेखपाल को फोन किया और मौके पर जाकर जांच करने के साथ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम की त्वरित कार्रवाई पर धर्मेंद्र ने उनका आभार जताया। उसने कहा कि एसडीएम ने उसकी समस्या को गंभीरता से सुना है और जल्द जमीन कब्जामुक्त होने की उम्मीद जगी है।









# बीएसए संदीप कुमार ने जानसठ के परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण



**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बुस.)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने ब्लॉक जानसठ के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था, छात्र उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन और विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश विद्यालयों में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगला मुबारिक में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। यहां पंजीकृत 30 बच्चों में से 23 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शौचालय और सबमर्सिबल क्रियाशील मिले तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन तैयार किया जा रहा था। प्राथमिक विद्यालय नंगला मुबारिक में 60 में से 44 बच्चे उपस्थित मिले। एक शिक्षामित्र अवैतनिक अवकाश पर थीं, जबकि अन्य स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय में निपुण लक्ष्य तालिका चस्पा मिली और शौचालय, हैंडपंप व समरसेबल चालू अवस्था में पाए गए।पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चितौड़ा में 259 में से 186 बच्चे उपस्थित मिले। स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब क्रियाशील मिलीं। एमडीएम के लिए खाद्यान्न और कन्वर्जन कास्ट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था। उच्च प्राथमिक विद्यालय कवाल में 297 में से 178 तथा प्राथमिक विद्यालय कवाल-1 में 250 में से 160 बच्चे उपस्थित मिले। दोनों विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। बीएसए ने विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को बनाए रखने पर जोर दिया।

# भीड़ में गुम मोबाइल बरामद, मालिक को सौंपा

**भोपा, 31 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र स्थित बेलड़ा में चल रहे तीन दिवसीय मेले में एक युवक का गुम हुआ मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर बेलड़ा निवासी संदीप पुत्र राजेंद्र मेला देखने आए थे। इसी दौरान भीड़ में उनका मोबाइल फोन कहीं गिर गया और गुम हो गया। संदीप ने काफी देर तक अपने फोन की तलाश की। मेले में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल अजय कुमार को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार और अन्य साथियों के साथ मिलकर तुरंत मोबाइल की तलाश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गुम हुआ फोन बरामद कर लिया। सीकरी चौकी प्रभारी संपन चौधरी ने आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद संदीप को पुलिस चौकी पर बुलाया। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन सकुशल उसे सौंप दिया। युवक ने अपना फोन वापस मिलने पर उत्तर प्रदेश पुलिस का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय इस मेले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मेले के चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात हैं और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। पुलिस की इस तत्परता और कार्यप्रणाली की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।



# खनन माफिया का तांडव थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मियों को रौंदने का प्रयास

### ▶▶ पुलिसकर्मियों को कुचलने के लिए दौड़ाई स्कॉर्पियो ▶▶ पुलिसकर्मियों ने खेत में कूदकर बचाई जान

**भोपा, 31 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर में खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे सीधे पुलिसकर्मियों को ही गाड़ी के नीचे कुचलने का प्रयास करने लगे हैं। थाना क्षेत्र ककरौली में शुक्रवार देर रात खनन माफिया ने थानाध्यक्ष समेत पुलिस टीम पर जानलेवा हमला बोलते हुए पांच पुलिसकर्मियों को कार से रौंदने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने खेत में कूदकर अपनी जान बचाई। मामले में थानाध्यक्ष ककरौली द्वारा जेसीबी कब्जे में लेकर दो नामजद सहित दो तीन अज्ञात आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।

थानाध्यक्ष ककरौली जोगेंद्र सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार की देर रात वह बिजनौर रोड पर बेहड़ा सादात से आश्रम चौराहे के बीच वांछितों की तलाश में थे। थानाध्यक्ष के साथ कांस्टेबल अक्षय प्रताप, गाड़ी चालक हैड कांस्टेबल प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश सिंह, हैड कांस्टेबल जोगिंदर सिंह मौजूद थे।तभी पुलिस टीम ने एक खेत में जेसीबी से अवैध खनन होता देखा। पुलिस ने जेसीबी रुकवाई और जेसीबी चालक सोनू उर्फ गुलमोहम्मद निवासी नया गांव नंगला बुजुर्ग थाना भोपा से जेसीबी चलाने की अनुमति मांगी। आरोप है कि अनुमति मांगते ही पास खड़ी स्कॉर्पियो से आमिर आलम निवासी कमहेड़ा थाना ककरौली उतरा तो उससे भी मिट्टी उठाने की अनुमति मांगी गई जिसपर दोनों आरोपी पुलिस से गाली-गलौच पर उतर आए। थानाध्यक्ष ने दोनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन दोनो नहीं माने और दोनों दौड़कर स्कॉर्पियो में बैठ गए जिसमें पहले से दो तीन आरोपी बैठे हुए थे।जैसे ही पुलिस नजदीक पहुंची तभी स्कॉर्पियो के अंदर से दहाड़ आई कि सालों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दो और जान से मार दो। जिसके बाद सोनू ने पूरी रफ्तार से स्कॉर्पियो पुलिस टीम पर दौड़ा दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष समेत पांचों पुलिसकर्मियों ने सड़क से खेत में छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। हमले के बाद आरोपी अंधेरे में स्कॉर्पियो दौड़ाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर खड़ी जेसीबी को अपने कब्जे ले लिया।इस सनसनीखेज वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित दो तीन अज्ञात खनन माफिया के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।

## दिल्ली में 3 साल की बच्ची के यौन शोषण के आरोप में स्कूल बस का ड्राइवर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 31 अगस्त (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके स्थित एक निजी स्कूल में तीन वर्षीय नर्सरी की छात्रा के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस ने स्कूल बस ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना का खुलासा 19 अगस्त को हुआ जब बच्ची के परिजनों ने उसके शरीर पर चोट के निशान देखे। पूछताछ करने पर बच्ची ने अपनी मां को स्कूल के एक 'अंकल' के बारे में बताया जो उसे टॉफी और चॉकलेट देता था। जांच में सामने आया कि आरोपी करीब आठ महीने से स्कूल बस चला रहा था और उसने बच्ची का शौचालय तक पीछा कर चार बार उसके साथ घिनौनी हरकत की। 24 अगस्त को पुलिस और परिजनों ने बच्ची को स्कूल के सीसीटीवी फुटेज और कर्मचारियों की तस्वीरें दिखाईं, जिसमें उसने आरोपी ड्राइवर की पहचान की। इसके तुरंत बाद पुलिस ने पोक्सो कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को स्कूल परिसर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जिसमें छोटे बच्चों को टॉफी-चॉकलेट खिलाने के कई वीडियो मिले हैं। इसके साथ ही पूरे स्कूल परिसर के सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच जारी है।

# कौशाम्बी: पटाखा फैक्टरी में भीषण आग, 11 की मौत

**कौशाम्बी, 31 अगस्त (एजेंसी)।** कौशाम्बी में पटाखा फैक्टरी में भीषण आग। पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक पटाखा फैक्टरी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही फैक्टरी में रखे पटाखों में एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। घटना में करीब 9 लोगों के मौत की बात सामने आ रही है। दर्जनभर से अधिक लोगों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उनका उपचार एसआरन अस्पताल प्रयागराज में चल रहा है। पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक पटाखा फैक्टरी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही फैक्टरी में रखे पटाखों में एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। धमाकों की आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। कुछ ही देर में फैक्टरी से उठे धुएं के गुबार ने आसपास के इलाके को ढक लिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। धमाके में कई परिवारों के मकान धराशायी हो गए। नौ लोगों की मौत हो चुकी है। करीब दर्जन भर लोगों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। इसमें तीन वेंटीलेटर पर हैं। मौके पर प्रयागराज के एडीजी, आईजी, डीआईजी, अपर पुलिस आयुक्त के अलावा कौशाम्बी के डीएम और एसपी पहुंच गए हैं। झुलसे लोगों को एसआरएन अस्पताल प्रयागराज भेजा गया है। बताया जा रहा है कि बस्ती से कुछ दूरी पर एक मकान में पटाखा फैक्टरी संचालित हो रही थी। हादसे के समय अंदर करीब दर्जनभर लोगों के मौजूद होने की सूचना है। आग लगने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन लगातार हो रहे धमाकों के कारण अंदर जाना मुश्किल रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,







मकान से अचानक धुआं उठने के बाद पटाखों में विस्फोट शुरू हुआ। मकान के ऊपर से बिजली के तार भी गुजर रहे हैं। हादसे में एक दर्जन से अधिक लोगों के गंभीर झुलसने की सूचना मिल रही है।









# नशे में धुत युवकों की कार खेत में पलटी, दो युवक घायल

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर-सहारनपुर स्टेट हाईवे पर सोमवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ईख के खेत में पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए। गनीमत रही कि कार सड़क पर किसी अन्य वाहन से नहीं टकराई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना भारत पेट्रोल पंप के पास हुई, जब कार सहारनपुर से मुजफ्फरनगर की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे ईख के खेत में जा गिरी और पलट गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार में वासु और सूरज नामक युवक सवार थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार सवार युवक चलती कार में खुद के वीडियो भी बना रहे थे। रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने जानकारी दी कि प्रथम दृष्टया दोनों युवक नशे की हालत में दिखाई दे रहे थे। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यदि यह कार खेत में जाने के बजाय हाईवे पर किसी अन्य वाहन या राहगीर से टकरा जाती, तो एक गंभीर हादसा हो सकता था। उन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# आवारा सांड से टकराई तेज रफ्तार बाइक, तीन घायल, एक गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में फूलत मार्ग पर नगली रजवाहे के समीप तेज रफ्तार बाइक अचानक सड़क पर आए आवारा सांड से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया गया। बताया गया कि हादसे में इस्तेखार पुत्र इसरार (30) निवासी भनवाड़ा, असीम पुत्र अकील (28) निवासी भनवाड़ा तथा नदीम पुत्र इसरार (36) निवासी भनवाड़ा घायल हुए हैं। चिकित्सकों ने नदीम की हालत को गंभीर देखते हुए उसे सीएचसी खतौली से रेफर कर



दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायलों का हाल जाना। हादसे के बाद



कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना ने सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं की समस्या को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

## मदद की उम्मीद में चढ़ी थी छात्रा, चलती बस में हुई 16 वर्षीया छात्रा से दरिंदगी

**नोएडा, 31 अगस्त (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा के परी चौक से दिल्ली के कश्मीरी गेट तक का 47 किलोमीटर का रास्ता एक 16 वर्षीय नाबालिग के लिए जिंदगी का सबसे खौफनाक सफर बन गया। 4 अगस्त की रात, जब मूसलधार बारिश और घने अंधेरे में मदद की उम्मीद लेकर वह एक खाली स्लीपर बस में सवार हुई थी, उसे अंदाजा भी नहीं था कि बस में मौजूद ड्राइवर और कंडक्टर ही दरिंदे निकलेंगे। पुलिस जांच में सामने आया कि बस सूरजपुर में मरम्मत के बाद तिमारपुर की तरफ लौट रही थी। परी चौक पर अकेली खड़ी किशोरी ने जब मदद मांगी, तो आरोपी चालक कुलदीप और कंडक्टर संदीप ने उसे नोएडा सेक्टर-63 छोड़ने का झांसा दिया। जैसे ही विश्वनाथ ट्रांसपोर्ट की वह बस आगे बढ़ी, कंडक्टर संदीप ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ने बारी-बारी से चलती बस में मासूम के साथ दुष्कर्म किया। बाहर बारिश और अंदर स्लीपर बर्थ की खिड़कियों पर लगे भारी पर्दों के पीछे आरोपियों ने यह गंदा कांड कर दिया। यही कारण है कि चलती बस में हो रही इस हैवानियत का सड़क पर चल रहे लोगों को कुछ पता ही नहीं चला। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी गई। वारदात के बाद आरोपी किशोरी को कश्मीरी गेट बस टर्मिनल के पास रिंग रोड पर फेंककर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तिमारपुर बस पार्किंग से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। फोरेंसिक टीम ने बस को कब्जे में लेकर साक्ष्य जुटाए हैं।

# भाभी से अवैध संबंधों का विरोध करने पर हुई महिला की हत्या, दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव तावली में महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए उसके पति और देवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, महिला अपने पति के भाभी से कथित अवैध सम्बंधों का विरोध करती थी। इसी विवाद के चलते पति ने अपने भाइयों व एक अन्य महिला के साथ मिलकर दुपट्टे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद किया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 30 अगस्त को हरसौली निवासी नदीम ने शाहपुर थाने में तहरीर देकर अपनी बहन मोहसीना की हत्या की सूचना दी थी। तहरीर के अनुसार, मोहसीना की करीब 13 वर्ष पूर्व तावली निवासी राशिद पुत्र अय्यूब से शादी हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि राशिद के अपनी भाभी से कथित अवैध संबंध थे, जिसका मोहसीना लगातार विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दंपती के बीच विवाद रहता था। आरोप है कि शुक्रवार



को राशिद मोहसीना को लेकर अपनी ससुराल गया था। बाद में राशिद, उसके भाई मतलूब, कल्लू, आस मोहम्मद और साजिदा पत्नी कल्लू ने मिलकर मोहसीना की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी शव को घर में छोड़कर फरार हो गए। मामले की जांच में जुटी शाहपुर पुलिस ने थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति राशिद और उसके भाई आस मोहम्मद को शामली बाइपास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर कथिततौर पर हत्या में इस्तेमाल किया गया दुपट्टा बरामद किया। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# शामली में गन्ने के खेत में मिला मुजफ्फरनगर के युवक का शव

### ▶▶ हादसे में मौत की आशंका ▶▶ मृतक रामराज थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी प्रिंस पुत्र दलजीत सिंह के रूप में हुई

**शामली/मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** करनाल-मेरठ हाईवे पर झिंझाना थाना क्षेत्र में अगड़ीपुर पुलिया के पास गन्ने के खेत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद झिंझाना थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव की पहचान कराई। मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर के रामराज थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी प्रिंस पुत्र दलजीत सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, प्रिंस रविवार देर रात हरियाणा के करनाल से धान बेचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान करनाल-मेरठ हाईवे पर झिंझाना थाना क्षेत्र के गाड़ीवाला चौक से करीब तीन किलोमीटर आगे शामली की ओर अगड़ीपुर पुलिया के पास वह सड़क किनारे गन्ने के खेत में जा गिरा। बताया जा रहा है कि युवक बिजली के पोल से टकराने के बाद खेत में गिर गया। घटनास्थल से कुछ कदम की दूरी पर उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली भी खड़ी मिली। मामले में पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

# उज्बेकिस्तान में भारतीय नागरिकों को मिलेगी 30 दिन की फ्री वीजा सुविधा, पीएम मोदी की मौजूदगी में हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, 31 अगस्त (एजेंसी)।** उज्बेकिस्तान ने रविवार को भारतीय नागरिकों के लिए 30 दिन की वीजा फ्री सुविधा की घोषणा की। राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने कहा कि इस फैसले से दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क, पर्यटन और




व्यापारिक आदान-प्रदान को काफी मजबूती मिलेगी। मिर्जियोयेव ने ताशकंद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के दौरान यह घोषणा की। यह बातचीत मोदी की उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा का हिस्सा थी। भारत-उज्बेकिस्तान संबंधों में तेजी से हो रही प्रगति पर जोर देते हुए, उज्बेक राष्ट्रपति ने भारत को एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार बताया और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, संयुक्त उद्यमों और कनेक्टिविटी में हुई बढ़ोतरी का जिक्र किया। भारत हमारा भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार-मिर्जियोयेव ने कहा,'भारत हमारा भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है। पिछले साल, हमारा द्विपक्षीय व्यापार पहली बार 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा हो गया। हाल के वर्षों में, संयुक्त उद्यमों की संख्या सात गुना बढ़ गई है। अब हमारे देशों के बीच हर हफ़्ते 14 सीधी उड़ानें चलती हैं।' मिर्जियोयेव ने कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए 30 दिन की वीजा-फ्री सुविधा शुरू करने से लोगों के आपसी संपर्क, पर्यटन और व्यापारिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में



काफी मदद मिलेगी। यह घोषणा पीएम मोदी की उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान की गई है, जिसका मकसद द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना है।

# मीनाक्षी चौक का अतिक्रमण हटाया, 322 वाहनों के चालान

### जैन समाज कई बार कर चुका मछली बाजार हटाने की मांग, यातायात पुलिस के अभियान से जाम से राहत की उम्मीद

**मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त (बु.)।** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ यातायात पुलिस ने सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान झांसी की रानी से शिव चौक, आलू मंडी, मीनाक्षी चौक होते हुए मेरठ रोड तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। वहीं नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 322 वाहनों के चालान किए।

यातायात पुलिस की कार्रवाई से जहां मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारू करने का प्रयास किया गया, वहीं मीनाक्षी चौक के आसपास अतिक्रमण और मछली बाजार को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। जैन समाज की ओर से पूर्व में कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से मीनाक्षी चौक के अतिक्रमण के साथ मछली बाजार को भी हटवाने का अनुरोध किया जा चुका है। समाज का कहना है कि क्षेत्र में लगने वाले बाजार और सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होता है और लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। अब सवाल यह है कि मीनाक्षी चौक पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ जैन समाज की लंबे समय से चली आ रही मछली बाजार हटाने की मांग पर भी प्रशासन और जनप्रतिनिधि क्या कदम उठाते हैं। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण तथा सीओ यातायात राधा रमन एवं यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की।अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात को सुचारू बनाना और आम लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाना है। नो-पार्किंग क्षेत्रों में वाहनों को खड़ा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

**यातायात पुलिस की अपील**

मुजफ्फरनगर। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस ने शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने तथा ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र सहित आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की सलाह दी है। इसके अलावा निर्धारित गति सीमा का पालन करने और वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने की अपील की गई है।









## पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा बताने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, 31 अगस्त (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को दिए जाने वाले पेट्रोल में मिले एथेनॉल की मात्रा को डिस्पेंसिंग नोजल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने और ईंधन के बिल व रसीद पर भी एथेनॉल का प्रतिशत दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। हालांकि, कोर्ट ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता एन.के. गोस्वामी को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित हाई कोर्ट का रुख करने की स्वतंत्रता दी है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान गोस्वामी ने दलील दी कि उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार है कि वे जो ईंधन खरीद रहे हैं, उसकी वास्तविक संरचना क्या है। उन्होंने पेट्रोल की रसीद दिखाते हुए कहा कि उसमें एथेनॉल की मात्रा का कोई उल्लेख नहीं होता। गोस्वामी ने कहा, 'रसीद देखिए, इसमें एथेनॉल का कोई उल्लेख नहीं है। मुझे यह जानने का अधिकार है।



याचिकाकर्ता ने केंद्र से इस मुद्दे पर आश्वासन देने की मांग की। इस पर भारत के अटॉर्नी जनरल ने याचिका के तरीके पर आपत्ति जताई।' इसके जवाब में गोस्वामी ने कहा कि उनकी मांग व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि देश के नागरिकों के अधिकार से जुड़ी है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं, भारत के नागरिकों को। हमें यह जानने का अधिकार है कि हम क्या खरीद रहे हैं। अटॉर्नी जनरल ने याचिका को 'प्रॉक्सी पिटीशन' बताते हुए यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट पिछले साल इसी तरह की एक याचिका खारिज कर चुका है। याचिका में पेट्रोल पंपों पर प्रत्येक डिस्पेंसिंग नोजल पर पेट्रोल में मिश्रित एथेनॉल का सटीक प्रतिशत प्रमुखता से और एक समान तरीके से प्रदर्शित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। साथ ही, प्रत्येक ईंधन बिल, इनवॉयस और रसीद पर भी पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा स्पष्ट रूप से दर्ज करने की मांग की गई थी।

# करोड़ों की चोरी का खुलासा, मुठभेड़ में दो सगे भाई गिरफ्तार

**बुढ़ाना, 31 अगस्त (बु.)।** पुलिस ने तीन दिन पहले हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चोरी में शामिल दो सगे भाइयों शहजाद और शाहनवाज को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक बदमाश और एक दरोगा घायल हुए हैं। पुलिस ने चोरी का शत-प्रतिशत माल बरामद करने का दावा किया है। यह घटना बुढ़ाना तहसील के पीछे रिटायर्ड दरोगा देशपाल के घर हुई थी। चोरों ने घर से करोड़ों रुपये की कीमत का सामान चुराया था। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी और जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर उन तक पहुंचने का प्रयास किया। सोमवार देर रात मंदवाड़ा मार्ग पर पुलिस को बदमाशों की मौजूदगी की सूचना मिली। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली





लगने से घायल हो गया। मुठभेड़ में दरोगा सूर्य प्रताप भी गोली लगने से घायल हुए हैं। पुलिस ने मौके से दोनों सगे भाइयों शहजाद पुत्र रईस और शाहनवाज पुत्र रईस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपियों के कब्जे से चोरी का शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया है। इस कार्रवाई में बुढ़ाना थाना प्रभारी सुभाष अत्री, एसओजी टीम और कस्बा इंचार्ज ललित कसाना सहित पुलिस टीम शामिल थी। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से चोरी की वारदात के संबंध में आगे की पूछताछ कर रही है।

### दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदेभारत पर पथराव, कोच का शीशा टूटा

**कानपुर, 31 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस पर चंदारी स्टेशन के पास सोमवार सुबह पथराव हुआ। इससे एक कोच का शीशा चटक गया। ट्रेन में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपित की पहचान हुई है। दूसरी ओर इस मामले में जांच के लिए टीम चंदारी स्टेशन पर सोमवार सुबह पहुंची है। नई दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस रविवार सुबह चंदारी के पास पहुंची ही थी कि एक युवक ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। पत्थर लगने से एक कोच का शीशा चटक गया। इस पर ट्रेन रोक दी गई। रेलवे कंट्रोल को मैसेज भेजा गया, जिस पर जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच की। इस मामले में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। कानपुर सेंट्रल की टीम चंदारी पहुंचकर इस मामले की पड़ताल कर रही है।

# हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार थार पलटी, हादसे में चार दोस्तों की मौत

**हापुड़, 31 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में एक दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा एक्सप्रेसवे पर एक थार पलट गई, जिससे सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हो गई। इनके अलावा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात तेज रफ्तार थार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन सवार चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। बताया गया कि मरने वालों में सुखवीर व जसवंत दोनों सगे भाई हैं, जबकि जोगिंदर व रवि भी रिश्ते में भाई हैं। इनमें एक मामा का तो दूसरा बुआ का लड़का था। सूचना मिलते ही सिंभावली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी सिखेड़ा भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को एक्सप्रेसवे से हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया। डायल-112 पर सूचना मिली कि गंगा एक्सप्रेसवे पर थार गाड़ी संख्या डीएल 8 सी बीएल 9822 पलट गई है। वाहन में सवार युवक बदायूं से दिल्ली की ओर जा रहे थे। हादसे में जोगिंदर (26) पुत्र झझन सिंह निवासी पालपुर, थाना बिल्सी, बदायूं, सुखबीर (25) पुत्र होतीलाल, जसवंत (20) पुत्र होतीलाल, दोनों निवासी मेवली, थाना उघैती, बदायूं और रवि (20) पुत्र करण सिंह निवासी पुरदलपुर, थाना इस्लामनगर, बदायूं को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, विष्णु (17) पुत्र गिरिराज निवासी पालपुर, थाना बिल्सी को हादसे में हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त थार को एक्सप्रेसवे से हटवा दिया है, जिसके बाद यातायात सामान्य हो गया। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच के साथ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## भारतीय नौसेना में शामिल हुआ पोत 'आईएनएस निपुण'

**नई दिल्ली, 31 अगस्त (एजेंसी)।** गहरे समुद्र में जाने और पनडुब्बियों को त्वरित सहायता प्रदान करने में सक्षम पोत 'आईएनएस निपुण' को सोमवार को मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। भारतीय नौसेना में शामिल किया गया यह इस तरह का दूसरा पोत है, जो गहरे समुद्र में जाने में सक्षम है। आईएनएस निपुण को नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की उपस्थिति में नौसेना में शामिल किया गया। 'हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड' द्वारा निर्मित यह पोत 119.4 मीटर लंबा है और इसकी क्षमता 10,500 टन है। यह जहाज समुद्र में 300 मीटर की गहराई तक की क्षमता रखता है। इसमें पनडुब्बियों को तुरंत राहत प्रदान करने की भी क्षमता है। इसके अलावा इसे आपदा राहत व मानवीय सहायता अभियानों के लिए भी तैनात किया जा सकता है।